संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
देहरादून, बुधवार, 09 अगस्त 2023 ₹ 1
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



यूपी विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सीएम योगी आदित्यनाथ विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 211 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

पंजाब सरकार
GOVT. OF PUNJAB
सत्यमेव जयते

## पंजाब की तरक्की, 12,710 टीचर्स की नौकरियां पक्की

### एक और वादा पूरा

पंजाब सरकार द्वारा इन शिक्षकों के वेतन में 2 से 4 गुना तक बढ़ोतरी की गयी है। इसके साथ हर साल 5% की वेतन में वृद्धि और नियमित टीचर्स को मिलने वाले सारे लाभ भी दिए जायेंगे।



" एक शिक्षक का बेटा होने के नाते मैं शिक्षकों की समस्याओं को जानता हूँ। समस्याओं को हल करना मेरा कर्तव्य है। हम सब मिलकर बनाएंगे एक रंगला पंजाब। "

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# मुख्यमंत्री ने 14 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार से किया सम्मानित

**महिला सशक्तिकरण**

**-तीलू रौतेली के साहस का प्रतीक हमारी सभी बहनें हैं**
**आंगनबाड़ी कर्मियों के साथ परिवार जैसा महसूस करते हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण व बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में 14 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार और 35 को आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार महिला शक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।
मंगलवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की मंत्री रेखा आर्या ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राजपुर विधायक खजान दास भी मौजूद रहे।
उत्तराखण्ड की 14 महिलाओं ने राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार और 35 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार प्रदान किये गए। पुरस्कार पाने वाले के बैंक खातों में 51 हजार धनराशि आनलाइन जारी की गई। कार्यक्रम में मानसी नेगी चमोली और प्रीति रुद्रप्रयाग राज्य से बाहर होने चलते उनका पुरस्कार सम्बंधित प्रतिनिधि की ओर से लिया गया।
मुख्यमंत्री ने पुरस्कार विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरस्कार पाने वाली महिलाओं के साथ खड़े होकर वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि मेरे, दोनों बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा की नींव आंगनबाड़ी केन्द्र पर ही पड़ी है। वह आंगनबाड़ी कर्मियों के साथ परिवार जैसा महसूस करते हैं। तीलू रौतेली के साहस का प्रतीक हमारी सभी बहनें है। महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने में किये गये प्रयासों में सरकार की



प्राथमिकता झलकती है।
मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महिला परक योजनाओं की प्रगति बताते हुए प्रतिभागियों से आह्वान किया कि सरकारी योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त कर अन्य महिलाओं तक पहुंचाई जाये। महिलाओं की प्रगति का संकल्प ह्लविकल्प रहितह्व है जिसे पूर्ण करने में राज्य वासियों को अपनी पूरी क्षमता से योगदान देना है।

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पोशाक धारण कर गौरवान्वित महसूस कर रहीं : रेखा आर्य**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास की मंत्री रेखा आर्या ने समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पोशाक धारण कर प्रतिभाग किया। मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी की पोशाक पहनकर वह स्वयं को उनके समान मेहनती और अनुशासित महसूस कर रही हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड की परिकल्पना में तीलू और आंगनबाड़ी कार्यकत्री जैसा जीवट, सीखने की इच्छा व साहस के गुण सन्निहित हैं। महिलायें अपने अन्दर की क्षमता को पहचान कर समाज को आगे बढ़ायें। तीलू रौतेली के जन्मदिवस के सुअवसर पर आधुनिक तीलू रौतेली व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सम्मान किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं के परम हितैषी है। लगातार उनके उत्थान की योजनायें ला रहे हैं। दोनों पुरस्कारों की धनराशि मुख्यमंत्री ने खुद बढ़ाई है। उन्होंने ही आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय देश में सबसे ज्यादा करने की ओर कदम बढ़ाए हैं।
उन्होंने कहा कि रंग, जाति व लिंग तीन तरह के भेदभाव समाप्त कर ही समाज में महिलाओं की तरक्की सुनिश्चित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में खेल जगत में उत्तराखण्ड की महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नये कीर्तिमान स्थापित करेंगी। प्रधानमंत्री के ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व अभियान से सभी लोग जुड़कर उसे सफल बनायें।राजपुर विधायक खजान दास ने मुख्यमंत्री एवम मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी महिलाओं को तीलू रौतेली जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार सार्थक प्रयास कर रही है। उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू होना महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**इन्हें मिले पुरस्कार-**
देहरादून से अमीशा चौहान (पर्वतारोहण- दिव्यांग वर्ग), हरिद्वार से दिव्या भारद्वाज (खेल), अल्मोड़ा से गरिमा जोशी (खेल- दिव्यांग वर्ग), बागेश्वर से मोहिनी कोरंगा (खेल-दिव्यांग वर्ग), चमोली से मानसी नेगी (खेल), चंपावत से शांभवी मुरारी (कला एवं योग), नैनीताल से मंजू पांडेय (साहित्य, शिक्षा व सामाजिक कार्य), पौड़ी से नूतन पंत (स्वरोजगार), पिथौरागढ़ से निवेदिता कार्की (खेल), रुद्रप्रयाग से प्रीति (पर्वतारोहण), टिहरी से हिमानी (खेल), ऊधमसिंह नगर से नीलिमा राय (खेल-दिव्यांग वर्ग) और उत्तरकाशी से ममता (पर्वतारोहण व साहसिक कार्य) व कमला अरोड़ा, नैनीताल से समाजसेवा में हैं।
सशक्तिकरण व बाल विकास विभाग की ओर से राज्य की विषम परिस्थितियों में शिक्षा, समाज सेवा, साहसिक कार्य, खेल, कला क्राफ्ट, संस्कृति, पर्यावरण एवं कृषि आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला एवं किशोरियों को राज्य स्त्री शक्ति ह्लह्लतीलू रौतेलीह्लह्ल पुरूस्कार प्रतिवर्ष वीरांगना तीलू रौतेली के जन्म दिवस 08 अगस्त, को प्रदान किया जाता है। योजना के अन्तर्गत चयनित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, 51,000 की धनराशि ऑनलाइन जारी करते हुए प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया जाता है।
राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार के लिए राज्य में न्यूनतम 05 वर्ष से निरन्तर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री /मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री जिनके केन्द्र पर ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 6 वर्ष के न्यूनतम 08 एवं शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम 18 बच्चे पंजीकृत हो और समस्त लाभार्थी पोषण ट्रैकर एप में पंजीकृत हों।

# एक माह से अवरुद्ध पोखरी-हरिशंकर-रौता मोटर मार्ग, ग्रामीण परेशान

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में हो रही भारी बारिश के चलते पोखरी विकास खंड को हरिशंकर और रौता गांव को जोड़ने वाला मोटर मार्ग बीते एक माह से पहाड़ी से भारी मलबा और बोल्डर आने के कारण अवरुद्ध चल रहा है, जिससे ग्रामीणों अपने रोजमर्रा के कार्यों को निष्पादित करने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
रौता के ग्राम प्रधान वीरेंद्र राणा ने कहा एक माह से पोखरी-हरिशंकर-रौता मोटर मार्ग अवरुद्ध चल रहा है।



इसके कारण ग्रामीणों को खाद्य आपूर्ति, गैस आपूर्ति सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई पोखरी की ओर से अभी तक अवरुद्ध मोटर मार्ग को नहीं खोला गया है जिसके कारण ग्रामीण पांच किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जल्द सड़क पर यातायात बहाल नहीं किया गया गया तो विभाग के खिलाफ आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।
इधर, पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता परशुराम चमोली ने कहा मोटर मार्ग खोलने में जेसीबी मशीनें लगी हुई है। दो दिन में यातायात बहाल करने की कोशिश की जाएगी।

# शिवपुरी कैंप से लापता हुए युवक का शव बरामद

## -बारिश के दौरान शिवपुरी नाले में आए पानी में कैंप के बहने के चलते लापता हुआ था युवक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शिवपुरी में बरसाती नाला में कैंप के साथ एक स्थानीय युवक के बहे हुए शव को एसडीआरएफ ने मंगलवार को बरामद कर लिया है। एसडीआरएफ के प्रभारी कविंदर सजवाण ने बताया कि सोमवार की देर शाम को सूचना मिनी थी कि ऋषिकेश क्षेत्र में शाम से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते बडल गांव शिवपुरी में रात 8:30 एक युवक कैंप ब्लू हेवन किचन में था, जिसका नाम 30 वर्षीय गौतम पुत्र बलबीर सिंह ग्राम बडल के बरसाती नाले में बहने की आशंका व्यक्त की गई थी। उसका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा था।
इस पर एसडीआरएफ की टीम ने मामले की गंभीरता को लेकर मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत अभियान चलाया। देर रात होने के कारण युवक को खोजने में सफलता नहीं मिली। इसके चलते मंगलवार की तड़के फिर से सर्च अभियान प्रारंभ किया गया और युवक के शव को बरामद कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

# कांग्रेस ने निकाली केंद्र की शवयात्रा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस सत्तारूढ़ दल भाजपा को घेरने का कोई अवसर नहीं छोड़ती।
मंगलवार को सड़क से लेकर सदन तक विपक्ष में बैठी कांग्रेस केंद्र सरकार को हर मुद्दे पर निशाने पर ले रही है।
महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी जैसे तमाम मुद्दों पर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। हालांकि संख्या कम होने के कारण इस प्रदर्शन में काफी देरी हुई लेकिन महिला कांग्रेस ने कांग्रेस भवन से लेकर घंटाघर तक महंगाई के विरोध में विरोध स्वरूप केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान जमकर केंद्र के प्रति नारेबाजी भी हुई।
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का कहना है कि आज



प्रदेश में महंगाई चरम पर है.प्रदेश में अपराध एवं कानून व्यवस्था बिगड़ गयी है लेकिन केंद्र सरकार सोई हुई है।
यही वजह है कि आज आम आदमी परेशान है, महिलाएं परेशान हैं।
इसमें ज्योति रोतैला, आशो मनोरमा डोबरियाल समेत कई महिलाएं शामिल थीं।

# हिंसक जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी हरिद्वार में हिंसक लंगूर, बंदर व जंगली सुअरों का बस्तियों में घुसकर स्थानीय निवासियों को घायल करने के चलते क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण बन गया है।
इस संबंध में हिंसक जानवरों के आतंक से उत्तरी हरिद्वार वासियों को मुक्ति दिलाने हेतु भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने डीएफओ को ज्ञापन सौंपकर अतिशीघ्र हिंसक लंगूर, बंदर व जंगली सुअर को पकड़ने की मांग की।
डीएफओ को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा पार्षद दल के उपनेता भाटी ने कहा कि तीर्थनगरी के उत्तरी हरिद्वार में निरन्तर जंगली जानवरों का आवागमन बढ़ रहा है, जंगलों में आहार की कमी के चलते बंदर, लंगूर व जंगली सुअर आबादी में घुसकर झपटमारी करते हुए स्थानीय निवासियों को घायल कर रहे हैं, जिस कारण क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण व्याप्त हो गया है। उत्तरी हरिद्वार में अराजक जंगली सुअर, बंदर व लंगूर प्रतिदिन बच्चों, वृद्धों व महिलाओं पर घर में घुसकर ही हमला कर रहे हैं। जंगली सुअर और लंगूरों ने दुर्गानगर में फुल्लो धर्मपत्नी स्व. प्रमोद कुमार प्रजापति, शिखा कौशिक धर्मपत्नी अंकित, संगीता देवी धर्मपत्नी सुनील कुमार, मनोज कुमार पुत्र अमर सिंह, प्रेमलता धर्मपत्नी जनक सिंह, कार्तिक शर्मा पुत्र कौशल शर्मा को हमला कर गंभीर रूप से चोटिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षद दल वन विभाग से मांग करता है कि विशेष अभियान चलाकर जंगली जानवरों को पकड़ा जाये और घायलों को इलाज हेतु मुआवजा प्रदान किया जाये। पार्षद विनित जौली, अनिल वशिष्ठ, विदित शर्मा, भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष अंकुश भाटिया, युवा भाजपा नेता आकाश भाटी ने भी अभियान चलाकर हिंसक व आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग की।

# पर्वतीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव ने दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए। जहां पानी नहीं मिल पा रहा है वहां के लिए नए प्रस्ताव शीघ्र भेजें।
बुधवार को सचिवालय में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेशभर में विशेषकर दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में पानी की सबको उपलब्धता को लेकर इस योजना को सफल बनाने को दिशा में काम करना



है। मुख्य सचिव संधू ने कहा कि यदि कहीं योजना पूरे होने के बावजूद 55 एमएलडी पानी नहीं मिल पा रहा है तो नए प्रस्ताव भेजे जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जनपदों ने इस दिशा में अच्छा कार्य करने वाले को उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि अन्य जनपदों को भी इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।
मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को योजना के लिए विद्युत कनेक्शनों को शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।
उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण मामलों को भी लगातार निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए।
उन्होंने जल स्रोतों को बनाए रखने के लिए भी कार्य करने को कहा। उन्होंने जल स्रोतों को रिचार्ज करने के लिए चेक डैम और रिचार्ज पिट सहित वनीकरण आदि कार्य लगातार संचालित किए जाने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि योजना के दीर्घकालीन संचालन के लिए जल स्रोतों को बनाए रखना अतिआवश्यक है। योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर भी विशेष बल देने की जरुरत है। साथ ही कहा कि स्थानीय लोगों को प्लंबर और फिटर आदि का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण किए जाने हेतु मैन पावर बढ़ाए जाने के साथ ही जिलाधिकारियों को लगातार समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी सहित सम्बन्धित उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# हिन्दू जागरण मंच ने एमडीडीए के सचिव का किया पुतला दहन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दू जागरण मंच ऋषिकेश ने देहरादून डालनवाला के फ्लैटों में पिछले 13 वर्षों से चल रही अवैध रूप से मस्जिद और मदरसों को लेकर एमडीडीए के सचिव मोहन बर्निया का ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर स्थित पुरानी चुंगी के निकट पुतला फूंककर अपना विरोध प्रकट किया।
जिलाधिकारी ने मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण को इनको सील किए जाने के आदेश के बावजूद भी अब तक कार्रवाई न की गई। मंगलवार को हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश सह



संयोजक सत्यवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में एमसीडी के सचिव का पुतला दहन किए जाने के दौरान प्रदर्शन के उपरांत उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से सरकार के आदेशों और भावनाओं के विरुद्ध अनेक प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी अनैतिक कार्य में लगे हुए हैं। उन्हें कुछ लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है। इसके चलते वह सरकार की छवि को धूमिल करने में लगे हैं, जिससे उत्तराखंड राज्य की आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो रहा है।
उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 13 अगस्त तक सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित नहीं किया गया, तो 14 अगस्त को हिंदू जागरण मंच उत्तराखंड एमडीडीए कार्यालय का घेराव करेगा।

# मोगली की हत्या का खुलासा, महिला सहित 02 को दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली स्थित झलकारी बस्ती निवासी आकाश उर्फ मोगली की हत्या का 72 घंटे में खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपित बाबा की तलाश की जा रही है।
झलकारी बस्ती निवासी श्रीमती पूनम ने 5 अगस्त को शहर कोतवाली में तहरीर देकर अपने बेटे आकाश उर्फ मोगली की हत्या कर देने के सम्बन्ध में एडियन सहित 04 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे की विवेचना कर रहे एसएसआई मुकेश थलेड़ी ने घटनास्थल और उसके आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगालने के साथ मुखबिरों को सक्रिय किया।

# उत्तराखंड में 12 अगस्त तक जमकर बरसेंगे बदरा, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में बारिश का प्रभाव आने वाले दिनों भी बना रहेगा। राज्य में लगातार हो रही बारिश से पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं और नदी-नाले में बढ़ते जलस्तर से आमजन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।
राज्य में 01 राष्ट्रीय राजमार्ग और 05 बॉर्डर सहित कुल 208 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं।
मौसम विभाग ने 12 अगस्त तक के लिए राज्य में गरज-चमक के साथ भारी से भारी बारिश के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी को लेकर राज्य के सभी जिला अधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। बुधवार सुबह से देहरादून सहित आसपास के इलाकों में मौसम खुला हुआ है, लेकिन आसमान में काले बादल मंडरा रहे हैं। सूर्य देव का बादलों की ओट में लुकाछुपी का खेल जारी है। राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम



बारिश हो रही है। आज के लिए देहरादून सहित पांच जिलों में और गुरुवार के लिए सात जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार में गंगा का जल स्तर 292.85 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से नीचे है। गौरीकुंड में लापता 20 लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान जारी है।
मौसम विभाग के जारी पूवार्नुमान के अनुसार आज के लिए टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल जबकि 09 अगस्त के लिए टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल,उधम सिंह नगर और हरिद्वार जिले में भारी से भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। दस अगस्त को चमोली, चंपावत, बागेश्वर और नैनीताल सहित चार जिलों में 12 अगस्त तक के लिए बागेश्वर,चंपावत और नैनीताल के लिए ऑरेंज अलर्ट और 11 अगस्त को राज्यभर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।
प्रदेश भर में लगातार हो रही बारिश से टिहरी जिले में 01 राष्ट्रीय राजमार्ग और 5 बॉर्डर सहित लगभग 208 सड़कें बंद हैं। इनमें से 13 राज्यमार्ग भी बंद हैं। टिहरी जिले में ऋषिकेश देव प्रयाग-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 07 (एनएच 58) अटाली गंगा में वाश आउट होने के चलते मार्ग बाधित है।

**NOTICE to Appear/Attend Proceedings of DLM & SFC-LDH**

Through this Publication This is for Constructive Notice for respondent M/S GURU KRIPA TRADING COMPANY having registered office at RANIPUR MORH JWALAPUR, HARIDWAR, UTTARAKHAND-249407 to appear in person or through authorized representative before the District Level Micro & Small facilitation Council Ludhiana, District Industries Centre,Ludhiana on Dated 10-08-2023 regarding claim reference petition submitted by claimant M/S SUSHIL OSWAL HOSIERY U/s 18(1) of MSMED Act 2006 bearing reference MSEFC/ DIC/04/22/1933. If respondent still fails or omits to appear as above then arbitration proceedings shall be conducted as per section 23 & 25 of Arbitration and Conciliation Act and award shall also be passed on the basis of evidence before it.

Member Secretary cum General Manager
District Industries Centre
Industrial Estate Ludhiana.
Ph No.: 0161-2540695
Email: dicludhiana5@gmail.com
ludhiana.msefc@gmail.com

**उत्तर रेलवे**
G20
**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 07.08.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 126-DRN-MB-23-24 DATE 07.08.2023 | 127-DRN-MB-23-24 DATE 07.08.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता (उ.रे.) बरेली के अधीन मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद-बरेली- रोजा सेक्शन में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के संबंध में एबीएस बिल्डिंग, एलसी गेट बिल्डिंग, मौजूदा एस एंड टी बिल्डिंग का विस्तार (17 ऑटो हट बिल्डिंग का निर्माण, 12 एलसी गेट बिल्डिंग, मौजूदा एस एंड टी बिल्डिंग का 3 विस्तार) के लिए सिविल कार्य। | सहायक मंडल अभियंता (उ.रे.) शाहजहांपुर के अधीन एबीएस बिल्डिंग, एलसी गेट बिल्डिंग, मौजूदा एसएंडटी का विस्तार मुरादाबाद डिवीजन बरेली-रोजा के खंड में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के संबंध में भवन, क्वार्टर का निर्माण (11 ऑटो हट बिल्डिंग, 10 एलसी गेट बिल्डिंग, 7 मौजूदा एस एंड टी बिल्डिंग का विस्तार, 3 टाइप- II और 1 टाइप -III क्वार्टर) के लिए सिविल कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.08.2023 16:00 | 29.08.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,82,35,815.52 | 3,09,50,089.48 |
| धरोहर राशि | 3,91,200.00 | 3,04,800.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.08.2023 | 15.08.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 08 माह |

2445/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 09 अगस्त 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली सरकार ने 16 अगस्त को विधानसभा का सत्र बुलाया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 14 अंक: 211 पृष्ठ: 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### आर्टिकल 370 पर हुई सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 8 अगस्त को सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले पांच जजों की बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

### लैंड फॉर जॉब स्कैम: सीबीआई को मुकदमा चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से तेजस्वी यादव के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी है। जस्टिस एमके नागपाल ने आदेश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि लालू प्रसाद और रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने के लिए अनुमति अभी नहीं मिली है। उसके बाद कोर्ट ने 12 सितंबर को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। इससे पहले 12 जुलाई को भी सुनवाई के दौरान सीबीआई ने बताया था कि लालू प्रसाद यादव और रेलवे के दो अधिकारियों के खिलाफ संबंधित अथॉरिटी से मुकदमा चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई आज तक के लिए टाल दी थी। सीबीआई ने 3 जुलाई को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।
सीबीआई ने इस चार्जशीट में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आरोपित बनाया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। 15 मार्च को कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी।

# अविश्वास प्रस्ताव पर हुई जोरदार बहस

- राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते: निशिकांत दुबे
- प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना

**चर्चा**

▶▶ सोनिया गांधी का एक ही मकसद है- बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना: निशिकांत दुबे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में अविश्वास प्रस्ताव पर शाम 6 बजे तक चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है- बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के सीएम, जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। भाजपा सांसद राहुल के भाषण देने की मांग करने लगे। विश्वास प्रस्ताव की शुरूआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया।



### बीजू जनता दल ने किया अविश्वास प्रस्ताव का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बीजू** जनता दल ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया। बीजू जनता दल के नेता पिनाकी मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के लाए प्रस्ताव का बीजद समर्थन नहीं कर सकता। पिनाकी मिश्रा ने अपनी पार्टी के नेता एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक ने सहयोगी संघवाद का एक उदाहरण पेश किया है। हर मसले पर सरकार का विरोध करने का पक्षधर नहीं है। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर राज्य की हर मांग को पूरा नहीं कर सकती लेकिन मोदी सरकार ने राज्य के राजस्व घाटे से जुड़े कई मसलों का समाधान किया है।

### राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते: निशिकांत दुबे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में सत्ता पक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुए निशिकांत दुबे ने विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में काटे थे। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मानहानि मुकदमा मामले में अंतिम निर्णय अभी नहीं आया है। राहुल कहते हैं कि माफी नहीं मांगूंगा। राहुल माफी क्यों मांगेंगे?
मोदी तो छोटी जाति के हैं, ओबीसी हैं। राहुल कहते हैं कि वह सावरकर नहीं हैं। राहुल जी, आप सावरकर हो भी नहीं सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में गुजारे थे। अविश्वास प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इसे लाने का मकसद बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत से ऐसे मामलों जिन पर विपक्ष सरकार को निशाना बना रहा है, उन्हें कांग्रेस के समय खोला गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ है, उस आदमी के खिलाफ है, जिसने लोगों को घर, पीने का पानी और शौचालय दिया। यह गरीबों के खिलाफ है। मोदी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बहन की 1993 में डॉक्टर न होने की वजह से मौत हो गई थी। आज उन्हें गर्व है कि मोदी सरकार ने उनके लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना की है। उन्होंने खुद को मणिपुर से जोड़ा और कहा कि उनके अंकल वहां रहे हैं और वे घायल भी हुए हैं।

# विपक्ष आशंकाओं से भरा: पीएम मोदी

- कुछ लोग राज्यसभा में वोटिंग को 2024 से पहले सेमीफाइनल कह रहे थे, हम जीते



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अविश्वास** प्रस्ताव पर चर्चा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में भाजपा संसदीय दल की मीटिंग की। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा- विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कुछ लोग कह रहे थे कि 2024 से पहले राज्यसभा में वोटिंग सेमीफाइनल है। उन पार्टी सांसदों का शुक्रिया, जिन्होंने यह सेमीफाइनल जीत लिया।
अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी बैठक की। इस पर लोकसभा में बहस के दौरान रणनीति पर चर्चा की गई।
अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में 12 घंटे चर्चा हुई। भाजपा को करीब 7 घंटे का वक्त दिया गया है और कांग्रेस को सवा घंटे का। सभी पार्टियों के सांसदों की संख्या को ध्यान में रखते हुए उन्हें 2 घंटे में से चर्चा की टाइमिंग अलॉट की जाएगी। एक घंटे 10 मिनट का वक्त दूसरी पार्टियों और इंडिपेंडेंट सांसदों को दिया गया है। 19 जुलाई को एनडीए की बैठक में विपक्षी गठबंधन को लेकर पीएम मोदी ने निशाना साधा था।

**साधा निशाना**

▶▶ विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है

## कश्मीरी पंडित जज की हत्या की फिर होगी जांच

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कश्मीरी** पंडित जज नीलकंठ गंजू की 1989 में हुई हत्या के मामले में नए सिरे से जांच शुरू होने के बाद उनके परिवार ने कहा है कि अब देर हो चुकी है और वे नहीं चाहते कि पुराने जख्मों को फिर से कुरेदा जाए। जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने सोमवार को 1989 में सेवानिवृत्त न्यायाधीश नीलकंठ गंजू की हत्या की नए सिरे से जांच शुरू की है। मारे गए पूर्व जज के बेटे एसके गंजू ने कहा कि घटना के 34 साल बाद अब बहुत देर हो चुकी है। अब हम नहीं चाहते कि हमारे घाव दोबारा कुरेदे जाएं। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री



कविंदर गुप्ता ने जांच का स्वागत करते हुए कहा कि यह अच्छा है कि उन्हें (नीलकंठ गंजू) न्याय मिलेगा। भाजपा सरकार पहले ही कह चुकी है कि ऐसी बातों की जांच होनी चाहिए। यह एक साजिश थी। लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए, ताकि साजिश का पदार्फाश हो सके।

**फाईल खुली**

▶▶ 34 साल बाद नए सिरे से जांच शुरू, परिजन नहीं चाहते कि पुराने जख्मों को फिर से कुरेदा जाए

तीन दशक से अधिक पुराने मामले की जांच फिर से शुरू होने पर कश्मीरी पंडित लेखक और राजनीतिक कार्यकर्ता अग्निशेखर ने कहा कि कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था। नीलकंठ गंजू के लिए न्याय होना चाहिए, जिनकी यासीन मलिक ने हत्या कर दी थी।

## राहुल गांधी को पुराना सरकारी बंगला वापस मिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को पुराना सरकारी बंगला 12 तुगलक लेन वापस मिल गया। संसद की हाउसिंग कमेटी ने राहुल की सांसदी बहाल होने के एक दिन बाद बंगला अलॉट किया। राहुल जब कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे तो उनसे बंगला वापस मिलने पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने कहा- मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। 12 तुगलक लेन में राहुल गांधी 19 साल रहे। मोदी सरनेम मामले में 2 साल की सजा मिलने के बाद 22 अप्रैल 2023 को उन्हें ये बंगला खाली करना पड़ा था।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू संसद में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए।

## तीसरी आंख




## ब्रिक्स स्टार्टअप फोरम लॉन्च करेगा भारत: गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** निवेशकों, इनक्यूबेटरों और इच्छुक उद्यमियों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं और आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए इस साल ब्रिक्स स्टार्टअप फोरम की शुरूआत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स देश के उद्योग मंत्रियों की सातवीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल से देश में करीब एक लाख स्टार्टअप का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कारण नई दिल्ली इस क्षेत्र में अन्य ब्रिक्स सदस्यों को अपना समर्थन दे सकती है। दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में ऑनलाइन आयोजित इस बैठक में ब्रिक्स देशों के उद्योग मंत्रियों ने एक संयुक्त घोषणा को अपनाया है।

## 'यूपी में पिछले छह सालों से नकलविहीन परीक्षाएं हो रहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के सवालों पर सरकार की रीति-नीति को स्पष्ट करते हुए करारा जवाब दिया। योगी ने सदन में नई शिक्षा नीति पर नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति पढ़कर आते तो सवाल न पूछते। जिसमें रोजगार के पाठ्यक्रम भी लागू किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले छह सालों से नकलविहीन



परीक्षाएं हो रही हैं। नकल माफियाओं पर नकेल कसा गया है। रिकॉर्ड टाइम में बोर्ड की परीक्षाएं कराई गईं और बिना देरी किए परिणाम जारी किए जा रहें। शिक्षक भर्ती के लिए हम एक आयोग का बिल लाए हैं। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में रोजगार के सवाल पर कहा कि नेता विरोधी दल कहते हैं कि भर्ती नहीं हुई। आज बेरोजगारी दर 03 से 04 प्रतिशत तक आ गई। इससे पता लगता है नौकरी मिल रही है। भर्ती प्रक्रिया में कोई मामला कोर्ट में लंबित नहीं है। पूरी पारदर्शिता,निष्पक्षता के साथ भर्ती हो रही हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है और एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष के जनसंख्या के सवाल पर चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे खुशी है कि समाजवादियों की सोच में इतना तो बदलाव हुआ कि अब वो जनसंख्या की बात कर रहे हैं, जिसे नियंत्रित करने के लिए ही

**जवाब**

▶▶ प्रदेश में पिछले छह सालों से नकलविहीन परीक्षाएं हो रही हैं। नकल माफियाओं पर नकेल कसा गया: सीएम

## मणिपुर मुद्दे पर संसद में जबरदस्त हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में इंडिया घटक दलों के सांसदों ने मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की।अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद टीआर बालू ने कहा कि मणिपुर में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है। यहां हिंसा में 143 लोग मारे गए और 65,000 लोगों को राज्य छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**समीक्षा बैठक**

### ज्यूलॉजिकल पार्क के प्रारम्भिक कार्यों को शीघ्र शुरू करना सुनिश्चित किया जाए

## 'फ्लैगशिप परियोजनाओं से जुड़े एफसीए और एफआरए मामलों के निपटारों में तेजी लाई जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर सायं शिमला में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को वन संरक्षण अधिनियम एफ सीए और वन अधिकार अधिनियम एफ आरए मामलों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि विकासात्मक परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और हेलीपोर्ट के निर्माण जैसी महत्वकांक्षी परियोजनाओं की



समयबद्ध स्वीकृति महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश के लोगों को लाभान्वित करने के लिए विभाग से इन परियोजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता प्रदान करने को कहा।उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के बनखंडी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ज्यूलॉजिकल पार्क (चिडियाघर) के लिए मंजूरी प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके निर्माण कार्य से सम्बंधित प्रारम्भिक प्रक्रियाएं शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सलाहकार नियुक्त करने पर बल देते हुए कहा कि इससे अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पर्यटकों को यहां बेहतर अनुभव एवं अन्य सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।प्रदेश में ईको-टूरिज्म गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के अग्रणी निजी हित धारकों को आमंत्रित करने के लिए शीघ्र ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे। प्रदेश में ईको-टूरिज्म स्थलों को क्लस्टर और व्यक्तिगत स्तर पर निजी कंपनियों को दिया जाएगा जिससे प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**राजस्व में वृद्धि**

▶▶ क्लस्टर और व्यक्तिगत स्तर पर निजी कंपनियों को दिया जाएगा जिससे प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी

## राजस्थान: लड़कियों से छेड़छाड़ करने वालों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

### मनचलों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में लिखा जाएगा ये छेड़छाड़ में शामिल: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**महिलाओं**, लड़कियों और बच्चियों से छेड़छाड़ करने वालों को राजस्थान में अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। छेड़छाड़ करने वालों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इसका उल्लेख किया जाएगा। सर्टिफिकेट खराब होते ही सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। सीएम अशोक गहलोत ने देर रात कानून व्यवस्था की बैठक में अफसरों को आदतन मनचलों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए हैं।

**सख्ती**

▶▶ छेड़छाड़ करने वालों के कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इसका उल्लेख किया जाएगा: सीएम अशोक गहलोत

सीएम अशोक गहलोत ने बैठक में अफसरों से कहा- महिलाओं और कमजोर वर्ग के खिलाफ अपराधों को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकॉर्ड रखा जाए। चरित्र प्रमाण पत्र में छेडछाड़ में लिप्त होने का उल्लेख किया जाए। आदतन मनचलों पर सरकारी नौकरी से अयोग्य घोषित करने तक का एक्शन लिया जाए।
**मनचलों का रिकॉर्ड मेंटेन होगा, लेकिन नियमों में बदलाव करने होंगे:** सीएम ने छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को सरकारी नौकरी से अयोग्य घोषित करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए छेड़छाड़ में शामिल आदतन मनचलों का अलग से रिकॉर्ड रखा जाएगा।

# राजधानी में बारिश से हुए नुकसान का मंत्री ने किया निरीक्षण, बांटे सहायता चेक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को बीती देर रात को देहरादून में हुई भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का निरीक्षण किया और स्थल पर ही सहायता चैक भी बांटे। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बदरीनाथ कॉलोनी, पथरिया पीर, कैनाल रोड, राजीव नगर कंडोली, काठबंगला, कालीगांड, चामासारी, डीबीसी कॉलोनी आदि स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।



गणेश जोशी ने अधिकारियों को बारिश से हुए नुकसान को लेकर तत्काल प्राथमिक तौर पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बरसाती पानी से लोगों के मकानों गलियों हुए नुकसान को लेकर सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र करने निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि जहां जहां सुरक्षा दीवार की आवश्यकता है वह शीघ्र किया जाए। जिन लोगों का नुकसान हुआ है उनका आपदा मद में शीघ्र इस्टीमेट बनाकर कार्य करने के अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने बीती देर रात बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा राशि भी देवीय आपदा के अंतर्गत आंशिक क्षति की सहायता राशि के 05 हजार रुपये के चेक 09 लोगों को मौके पर वितरित किया। मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार की तरफ से प्रभावितों के हर संभव मदद की जाएगी।

इस अवसर पर उपज़िलाधिकारी नरेश चंद्र दुगार्पाल सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिन लोगों को आंशिक सहायता के रूप में पांच हजार के चेक दिए गए, उनमें विक्रम शंकर, रामवती, नारायण सिंह थापा, महावीर सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अमिताभ, राजेंद्र सजवान,महवीर सिंह, राजेंद्र प्रसाद के नाम शामिल हैं।

# रामपुर में देखते ही देखते गिरा होटल

**बारिश का कहर**

**▶▶तीर्थ यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिगत गुप्तकाशी पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है**

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
केदारघाटी में लगातार हो रही बरसात अब आफत का सबब बनती जा रही है। जहां एक और जगह-जगह भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग कई जगह पर अवरुद्ध हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर गुप्तकाशी जंक्शन से जुड़े कई संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस कारण दिनभर इन मार्गों पर यातायात बाधित ही रहा।
गत दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण रामपुर में स्थित 31 कमरों का 3 मंजिला होटल लोगों की आंखों के सामने ही सुबह 8:00 बजे भरभरा कर



राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर गया। देवीधार गधेरे के उफान पर होने और गत वर्षों से लगातार नीचे की ओर भूस्खलन होने से यहां पर बना कौज भी ध्वस्त हो गया है। हालांकि संबंधित विभाग की मशीन तथा मजदूर मार्ग को यातायात के दृष्टिगत खोलने को युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।
केदारनाथ धाम की यात्रा को आए तीर्थ यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिगत गुप्तकाशी पुलिस द्वारा सुरक्षित स्थानों पर अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है।
रामपुर में राकेश सिंह का होटल 4 वर्ष पूर्व ही निर्मित किया गया था, जिसमें उन्होंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी जोड़कर होटल बनाया था, लेकिन होटल के पीछे से चट्टानों के खिसकने से होटल में मोटी मोटी दरारें आ गई थी, जिस कारण होटल ओनर ने होटल से कीमती सामान तो निकाल दिया, लेकिन 2 दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात के कारण होटल के पीछे भारी मात्रा में मलबा आने तथा भारी-भरकम चट्टान खिसकने लोगों की आंखों के सामने ही पूरा होटल नेस्तनाबूद हो गया।
होटल के गिरने का लाइव वीडियो काफी वायरल हो रहा है ,जिसे देखने पर घटनाक्रम की संजीदगी और भयावहता को समझा जा सकता है।हालांकि खबर सुनते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक ने 'पुरानी गाड़ी, नई शुरूआत' पहल शुरू की

**देहरादून।** एचडीएफसी बैंक 'पुरानी गाड़ी, नई शुरूआत' अभियान के तहत एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है। 7 अगस्त, 2023 को शुरू हुए इस एक सप्ताह के अभियान का उद्देश्य ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को प्रयुक्त वाणिज्यिक वाहनों और प्रयुक्त निर्माण उपकरणों की खरीद के लिए अग्रिम राशि प्रदान करना है। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, एचडीएफसी बैंक देश भर में, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी स्थानों में लगभग 50,000 ट्रांसपोर्टरों, ठेकेदारों और बिचौलियों तक पहुंचने की योजना बना रहा है। यह अभियान बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई, जयपुर, चेन्नई, प्रयागराज, हैदराबाद, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, वडोदरा, कोच्चि, जोधपुर, पुणे, लुधियाना और करनाल की शाखाओं सहित पूरे भारत में चलाया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान, एचडीएफसी बैंक प्रमुख परिवहन केंद्रों पर कई बड़े और छोटे आकार के कार्यक्रम भी आयोजित करेगा और इसके साथ, बैंक का लक्ष्य प्रयुक्त वाणिज्यिक वाहन वित्तपोषण क्षेत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है। राहुल एस शुक्ला, समूह प्रमुख - वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि हम इस पहल से उत्साहित हैं, जहां बैंक अधिकारी दूरदराज के स्थानों में ग्राहकों तक पहुंचेंगे। इससे हजारों ड्राइवरों को ट्रकों का मालिक बनने में मदद मिलेगी। एचडीएफसी बैंक के ट्रांसपोर्टेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ग्रुप के ग्रुप हेड राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा, ह्लइससे बैंक को इस सेगमेंट में नए ग्राहक जोड़ने और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस सेगमेंट में अधिकांश फंडिंग प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत योग्य है। एचडीएफसी बैंक वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी है और 20 वर्षों से अधिक समय से प्रयुक्त वाणिज्यिक वाहनों और प्रयुक्त निर्माण उपकरणों पर ऋण दे रहा है।

### उत्तराखण्ड में 100 शिक्षकों ने कंटीन्यूयस प्रोफेसनल डेवलपमेंट प्रोग्राम में किया प्रतिभाग

**देहरादून।** स्कूल इकोसिस्टम के लिए वनस्टॉप समाधान प्रदान करने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित भारत की प्रमुख एडटेक कम्पनी जैमिट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतो को अमल में लाने के उद्देश्य से ब्रिटेन के क्वालिफिकेशन एंड असेसमेंट इंटरनेशनल (क्यूएआई), के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत कंटीन्यूअस प्रोफेसनल डेवलपमेंट प्रोग्राम देहरादून के वेल्हमगर्ल्स स्कूल में अध्यापको के लिए आयोजित किया गया। यह प्रोग्राम क्लासरूम टीचिंग के लिए एनईपी 2020 सिफारिशों को लागू करना के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 अध्यापकों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा। क्यूएआई ब्रिटेन का प्रमुख प्राइवेट इंटरनेशनल पुरस्कार देने वाला संसथान है जो 4 वें औद्योगिक युग में सफलता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ योग्यता, आकलन और प्रमाणपत्र प्रदान करता है। सीपीडी प्रोग्राम को फेस टू फेस सेटिंग में ऑफलाइन और एक से दो दिनों के समय में आयोजित किया गया। प्रोग्राम में कई प्रमुख टॉपिक पर चर्चा हुई जैसे कि टीचिंग और लर्निंग के लिए एनईपी 2020 का उद्देश्य, एनईपी को लागू करना- छात्रों पर ध्यान देना,एनईपी को लागू करना , और मूल्यांकन पर ध्यान देना, एनईपी को अमल में लाना आदि। जैमिट के डायरेक्टर और फाउंडर आरुल मालवीय ने इस बारे में बताते हुए कहा कि हम वास्तव में इस सम्मानित स्कूल में अध्यापकों के लिए इस विशेष सीपीडी प्रोग्राम का संचालन करके बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहे हैं। एआई-संचालित स्कूल लर्निंग सॉल्यूशंस प्रोवाइडर के रूप में हमारा उद्देश्य देश में मौजूदा स्कूल इकोसिस्टम को बदलना है।

### मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में आत्मिक उन्नति के लिए ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना का बताया गया महत्व

**देहरादून।** गुरुदेव आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) के ओजस्वी एवं आलौकिक मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा मासिक सत्संग की श्रृंखला के तहत दिल्ली के दिव्य धाम आश्रम में मासिक आध्यात्मिक समागम का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम यथार्थ में भक्तों के लिए एक दैवी पारितोषिक के समान सिद्ध हुआ जिसने वातावरण को भी दिव्य और आनंदमयी तरंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रचारक-शिष्यों द्वारा प्रस्तुत भाव-विभोर करने वाली प्रस्तुतियों को अंतर्ग्रहण करने के उदेश्य से बड़ी संख्या में अनुयायी एकत्रित हुए। आत्मा को आनंदित करने वाले भक्ति गीतों एवं ईश्वर की प्रशंसा हेतु दिव्य स्तोत्र वातावरण में गूंज उठे और उपस्थित श्रद्धालुओं के दिलों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीजेजेएस प्रतिनिधियों ने विशिष्ट रूप से समझाया कि हमारी ज्ञान युक्त चेतना में अस्थिर मन की तरंगों को नियंत्रित और सयंमित करने की शक्ति होती है। यदि कोई सच्चे ज्ञान की कीमत पर सांसारिक-वस्तुओं के पीछे भागता है तो यह अधिक से अधिक अहंकार और लोभ में बदल जाता है और व्यक्ति पतन के मार्ग पर बढ़ जाता है।

## नशे के आदी युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
रायवाला थाना क्षेत्र अंतर्गत छिद्दरवाला में नशे के आदी एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।
रायवाला थाना प्रभारी (आईपीएस) जितेंद्र महारा ने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली थी कि छिद्दरवाला में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।
पुलिस ने वहां पर देखा कि युवक का शव फंदे में लटका था। उसे 108 के माध्यम से राजकीय चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# गुरुकुल में नवप्रवेशी छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन

**शिक्षा का केंद्र**

**▶▶गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय वैदिक परंपरा के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा का केंद्र है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग में नव प्रवेशित डी फार्म, बी फार्म एवं एम फार्म के छात्रों का प्रेरणा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ से हुई।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोम देव शतान्शु ने




उपस्थित सभी नव प्रेषित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय वैदिक परंपरा के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा का केंद्र है, जिसमें न केवल शिक्षा दी जाती है, बल्कि छात्रों में श्रेष्ट भारतीय ऋषि पारम्परा के संस्कारों की नींव भी डाली जाती है।
उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे अपने विषय के साथ-साथ प्राचीन भारतीय ग्रंथों का भी भी अध्यन करें,
क्यूंकि वैदिक काल से ही हमारी ग्रंथों में उन्नत रसायन शास्त्र, खगोल शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, धातु कर्म विज्ञान आदि अनेको विज्ञान वर्णित है जिसे आज का उन्नत विज्ञान अब नयी खोजों से सिद्ध कर रहा है।
प्रेरणा कार्यक्रम पर व्याखान का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. एलपी पुरोहित ने स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय इसका इतिहास इसके मूल्यों इसका देश एवं सामज में गिये गए योगदान पर विस्तृत चर्चा की।

# यूसर्क और विश्वविद्यालय के मध्य हुआ समझौता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवम पोषण शिक्षा के लिए उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) और हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के मध्य समझौता हुआ है।
प्रदेश में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवम पोषण के साथ ही विज्ञान शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक अभिवृत्ति के विकास व स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार हेतु सूचना, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत संस्था उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क), देहरादून तथा प्रदेश के हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड



चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, सेलाकुई द्वारा यूसर्क सभागार में 'मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग' पर हस्ताक्षर किए गए।
यूसर्क की ओर से यूसर्क निदेशक प्रो. (डॉ) अनीता रावत और हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. आशीष उनियाल ने समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए।
यूसर्क निदेशक प्रो. अनीता रावत ने बताया कि इस समझौते के आधार पर दोनों संस्थान प्रदेश के छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवम पोषण के प्रति जागरूक करने तथा विज्ञान शिक्षा एवम चिकित्सा व वैज्ञानिक अनुसंधानों को स्तरीय बनाने तथा इसके अनुप्रयोगों व लाभों को प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु मिलकर काम करेंगे।

## गोदाम की दीवार तोड़कर की थी चोरी, माल समेत चार गिरफ्तार

**हरिद्वार**
जनपद के झबरेड़ा थाना क्षेत्र में गोदाम की दीवार तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम शिव कुमार पुत्र रणवीर, सोनू पुत्र भोपाल निवासीगण ग्राम भक्तों वाली झबरेड़ा, ईशान पुत्र गुलशेर निवासी कस्बा झबरेड़ा व अमन पुत्र केहर सिंह निवासी रविदास कॉलोनी कस्बा झबरेड़ा बताए।

# सीडीओ ने ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी चमोली डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय ईको टूरिज्म विकास समिति की बैठक हुई। इसमें ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढावा देने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए तैयार प्रस्तावों पर गहनता से चर्चा की गई।
मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि ईको टूरिज्म के लिए प्रस्तावित डीपीआर का तकनीकी परीक्षण कराने के बाद शासन को भेजा जाए और स्वीकृति मिलने पर शीघ्र विकास कार्य शुरू किए जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ईको टूरिज्म स्थलों पर इको पार्क और हर्बल गार्डन बनाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जाए।
पर्यटकों की जानकारी के लिए इको टूरिस्ट स्थलों का प्रचार प्रसार करें और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाए। जनपद में ईको टूरिज्म विकास के लिए वन विभाग की ओर से छह प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। पहले चरण में जिले में माणा-सतोपंथ, माणा-वसुधारा, लोहाजंग-भेंकलताल ट्रैक, वाण-बेदनी-रूपकुंड ट्रैक, घेस-बगजी ट्रैक, लॉर्ड कर्जन-कुंवारी पास ट्रैक और मंडल से चोपता और भुलकना से सौखर्क होते हुए तुंगनाथ तक बर्ड वाचिंग ट्रेल विकसित करने के लिए 6.27 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। इन ट्रैक मार्गों पर सुधारीकरण के साथ मार्ग में भूस्खलन क्षेत्रों का ट्रीटमेंट, रेन शेल्टर निर्माण, पर्यटकों को बैठने के लिए स्थानीय सामग्री से निर्मित बैंच, साइनेज बोर्ड, प्राकृतिक जल स्रोतों का पुर्नद्वार, पेयजल, ग्रीन टॉयलेट, डस्टबिन आदि सुविधाएं विकसित करने के प्रस्ताव तैयार किए गए है। तकनीकी परीक्षण के बाद प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे।
बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, डीएफओ वीवी मरतोलिया, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा आदि मौजूद थे।

# कहीं पानी को तरसते लोग तो कहीं सड़क पर बह रहा पानी

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के नगरपालिका क्षेत्र सुभाषनगर में बीते दो दिनों से पानी की सप्लाई बाधित चल रही है, जिससे लोगों को खासी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।
मंगलवार को उपभोक्ताओं ने सुभाषनगर में खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई थी, वहीं दूसरी ओर गोपेश्वर-चमोली मोटर मार्ग पर पोस्ट आफिस रोड़ के किनारे जल निगम की पाइप लाइन काफी समय से क्षतिग्रस्त हो रखी है, जिससे इसका पानी सड़क पर बह रहा है।
नगर क्षेत्र के सुभाषनगर में बीते दो



दिनों से पानी की सप्लाई बंद चल रही है।
हालांकि विभाग की ओर से पानी के टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन वह पानी लोगों के लिए नाकाफी हो रहा है। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।
स्थानीय लोगों ने आज पानी के खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन कर बीच सड़क पर बैठ गये जिससे वहां पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। बाद में विभागीय अधिकारियों के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। विभाग की ओर से देर सांय तक पानी की लाइन सुचारु किये जाने का आश्वासन दिया गया है।

# शैक्षिक संवाद में शिक्षण की बेहतरी पर हुई चर्चा, बीईओ ने किया शुभारंभ

**संवाद कार्यक्रम**

**▶▶माध्यमिक विद्यालयों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम जीआईसी नागणी में आयोजित किया गया**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
विकास खण्ड चम्बा के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम जीआईसी नागणी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ नरेश ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के बेहतर उन्नयन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। जीआईसी नागणी सभागार में



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती का चित्र अनावरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में सूचनाओं के त्वरित सम्प्रेषण के लिए बीईओ नरेश ने कार्यालय की बेबसाइट भी लांच की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए बीईओ ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने का काम करें। हम कह सकते हैं, इसको कार्य क्षेत्र का मूल मंत्र बनाने का आह्वान करें। इसके साथ ही विद्यालय प्रबन्धन के तौर तरीकों व उनकी बारीकियों पर भी विस्तार से चर्चा की।
उम्दा शिक्षण कला, शत प्रतिशत परीक्षा फल, व्यवसाय गत समस्याओं के कुशलता पूर्ण समाधान का हुनर, किस प्रकार शिक्षा की बेहतरी की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है,इस पर भी उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए गम्भीरता पूर्वक विचार करने को कहा। डिजी लाकर, पाठ्यपुस्तक वितरण, अपणु स्कूल-अपणु प्रमाण पत्र, पीएम श्री विद्यालय, क्लस्टर विद्यालय, इंस्पायर एवाड्‌र्स जैसी महत्वकांक्षी विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सम्बंधित को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। चर्चा के दौरा प्रतिभागियों ने कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का भी साझाकरण किया।
इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाचार्य व संकुल समन्वयक और विद्यालयों के पटल प्रभारी मौजूद रहे।

# फार्मा कम्पनी में लगी आग, दमकल ने बामुश्किल पाया काबू

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक फार्मा कम्पनी में लगी भीषण आग पर दमकल की टीम ने बामुश्किल काबू पाया। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।
जनपद के भगवानपुर स्थित कंपनी यश फार्मा प्राइवेट लिमिटेड रायपुर में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलते की दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। आग की भीषणता को देखकर सहयोग के लिए रुड़की दमकल टीम को भी बुलाया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर




काबू पाया गया। गनीमत रही की आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है।

# अदिति अशोक संयुक्त 55वें स्थान पर रहीं

**टूरून (स्कॉटलैंड)।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में दो अंडर 70 का टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यहां महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने कल की तुलना में 10 स्थान का सुधार



किया है। अदिति और स्कॉटिश ओपन में कट से चूकने वाली दीक्षा डागर अगले दो हफ्ते में एआईजी महिला ओपन और आईएसपीएस हांडा आमंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगी। अदिति अभी लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे जबकि दीक्षा सातवें स्थान पर चल रही हैं। फ्रांस की सेलिन बोटियर ने अंतिम दौर में 70 के स्कोर से लगातार दूसरा खिताब जीता।

## मुझे बटन थोड़े से ऊपर करने पड़ेंगे : पत्रकार बनने का प्रस्ताव मिलते ही बोली टेनिस सनसनी Rachel Stuhlmann

**पेरिस।** पूर्व टेनिस प्लेयर राचेल स्टुहलमैन को पत्रकार बनने का प्रस्ताव आया है जिससे वह खुश है। जॉन लॉयड जोकि 1984 और 1985 के बीच ब्रिटिश टेनिस के स्टार थे, ने सुझाव दिया कि दुनिया की सबसे सेक्सी टेनिस प्रभावशाली खिलाड़ी को यह काम करना चाहिए। 31 वर्षीय रैचेल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर 3,12,000 फॉलोअर्स हैं जिनके लिए वह समय समय पर मादक फोटोज पोस्ट करती रहती हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी ने अपनी घटिया टेनिस सामग्री से अपने प्रशंसकों को आकर्षित किया है, उनका यह भी मानना था कि वह एक समय पेशेवर बनने के लिए काफी अच्छी थीं। राचेल अभी अपने ज्ञान के अनुसार फैंस को अपने



खेल को बेहतर बनाने के लिए टिप्स भी देती रही हैं। अब ऐसा प्रतीत होता है कि यदि लॉयड अपने प्रस्ताव पर अमल करता है तो वह ब्रिटिश टेलीविजन स्क्रीन की शोभा बढ़ा सकती है। रॉक एन रोल टेनिस पॉडकास्ट के लिए एक साक्षात्कार के दौरान लॉयड ने कहा- मैं बीबीसी के लिए काम करता हूं, मैं एक सिफारिश करने जा रहा हूं, हमें अपनी टीम में आपकी जरूरत है। इस पर रैचेल ने जवाब दिया- यह बहुत बढ़िया है, मुझे यह पसंद आएगा। मुझे ऐसा करना अच्छा लगेगा। मैंने लेक्सिंगटन ओपन में कुछ कमेंट्री की है और यह मेरे लिए बहुत मजेदार था। यह बहुत अधिक आरामदायक और आरामदेह है, कैमरे के बारे में चिंता नहीं है, बस बिंदुओं के बारे में बात होती है। मैं रणनीति पर अपना ज्ञान दे सकती हूं।

# कोरिया को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** भारत ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए सोमवार को यहां एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के राउंड रॉबिन मैच में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। भारत की ओर से निलाकांता शर्मा (छठे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वें मिनट) और मनदीप सिंह (33वें मिनट) ने गोल दागे।कोरिया की ओर से किम



सुंगह्युन ने 12वें मिनट जबकि यैंग जीहुन ने 58वें मिनट में गोल किया। इस जीत की बदौलत भारत चार मैच में 10 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। मेजबान टीम ने तीन मैच में जीत दर्ज की है जबकि एक मैच ड्रॉ छूटा। भारत अपना आखिरी लीग मैच बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

# मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलिया का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया गया

**मेलबर्न।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान घोषित किया गया है। मार्श को एरोन फिंच के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने कप्तान के रूप में 76 मैचों के सफल कार्यकाल के बाद इस साल की शुरुआत में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लियामुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का मानना है कि 31 वर्षीय मार्श पूर्णकालिक आधार पर यह पद संभालने में सक्षम हैं।

आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, जॉर्ज बेली ने कहा, %%मिच लंबे समय से सफेद गेंद के ढांचे में एक वरिष्ठ




खिलाड़ी रहे हैं, इससे उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। हम दक्षिण अफ्रीका में उनके कौशल को देखना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

मार्श दौरे के तीन मैचों के टी20 श्रृंखला के लिए एक नए रूप वाली टीम का नेतृत्व करेंगे, चयनकर्ताओं ने पिछले साल के टी20 विश्व कप के बाद अपने पहले 20 ओवर के मैचों के लिए टीम में कई नए चेहरों को शामिल किया है। मार्श ने इससे पहले 2010 में न्यूजीलैंड में आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और उन्हें घरेलू स्तर पर अपने राज्य वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने का अनुभव है।

ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम इस प्रकार है: मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेसन बेहेरनडॉर्फ, टिम डेविड, नाथन एलिस, एरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।

## महिला गेंदबाज का एक्शन देखें, छूट जाएगी हंसी, याद आएंगे बचपने के दिन

**रोमानिया।** रोमानिया की 15 वर्षीय महिला क्रिकेटर मैडालिना चेरेचेस (ने अपनी गेंदबाजी एक्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। यह घटना तब वायरल हो गई जब बीती 5 अगस्त को महिला कॉन्टिनेंटल कप 2023 के चौथे मैच में रोमानिया बनाम ग्रीस मैच चल रहा था। ग्रीस की पारी के दौरान 15 वर्षीय रोमानियाई गेंदबाज मैडालिना चेरेचेस ने एगेलिकी सवावानी को आउट कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। इसका वीडियो इंटरनेट पर जबरदस्त तरीके से



वायरल हो गया है। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इस पर मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। मीम्स से लेकर चुटकुले शेयर किए गए। एक यूजर ने लिखा- यह क्रिकेट नहीं है, यह सिर्फ बाल्ला और गेंद है।

# Glenn McGrath ने की भविष्यवाणी- क्रिकेट विश्व कप के टॉप-4 में पहुंचेंगी ये 4 टीमें

**सिडनी।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 नजदीक आते ही क्रिकेट दिग्गज भी उत्सुक हो गए हैं। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने विश्व कप के टॉप 4 को लेकर भविष्यवाणी की है। मैकग्रा को लगता है कि न्यूजीलैंड की टीम टॉप 4 में नहीं पहुंच पाएगी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड और मेजबान देश भारत चार टीमें हैं जिनसे आगामी विश्व कप में मजबूत प्रभाव डालने की उम्मीद है।

मैकग्रा का टॉप 4 में ऑस्ट्रेलिया को शामिल करना हैरानी भरा फैसला नहीं है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पांच बार विश्व कप ट्रॉफी जीत चुका है। क्योंकि भारतीय टीम अपने घरेलू मैदानों पर खेलेगी ऐसे में उन्हें दर्शकों का पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा भारतीय टीम दो बार 1983 और 2011 में विश्व कप जीती है। 2011 विश्व कप



भारत में ही खेला गया था। ऐसे में टीम इंडिया का हौसला इस बार बढ़ा चढ़ा होगा।

इसी के साथ गत चैंपियन इंग्लैंड भी 2019 विश्व कप के जैसे अपनी सफलता को दोहराने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड के पास नामी प्लेयर है जोकि क्रिकेट जगत में प्रभाव रखते हैं। इसी तरह 1992 विश्व कप चैंपियन पाकिस्तान भी एशिया और खास तौर पर भारत की धरती पर अपना सबसे बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहेगी। बता दें कि क्रिकेट विश्व कप में सबसे रोमांचक मुकाबला भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच 14 अक्तूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। फैंस मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। इस बार सवा लाख की आबादी वाली नरेंद्र मोदी स्टेडियम पूरा भरने के अनुमान है। मुकाबले के लिए पहले से अहमदाबाद के होटल और अस्पताल भी बुक हो गए हैं।

# नीरज चोपड़ा के ओलिम्पिक गोल्ड को 2 साल पूरे, बोले- वो रोंगटे खड़े कर देने वाला क्षण था

**दिल्ली।** नीरज ने सात अगस्त 2021 को तोक्यो ओलंपिक के फाइनल में 87.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने ओलंपिक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाला भारत का पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बनकर इतिहास रचा था। नीरज ने स्पर्धा के दूसरे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

नीरज 2008 में बीजिंग में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले देश सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने देश के युवाओं से बड़ी संख्या में राष्ट्रीय भाला दिवस पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया था।

नीरज ने तोक्यो ओलंपिक के ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए हाल ही में ओलंपिक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए एक वीडियो में कहा था कि उन्हें वह क्षण हमेशा याद रहेगा जब पदक समारोह में भारत का राष्ट्रीय ध्वज लहराया था और राष्ट्रगान बज रहा था। उन्होंने कहा कि पोडियम पर जब स्वर्ण पदक मेरे गले में था और मेरे सामने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा था और राष्ट्रगान



बजाया जा रहा था, वह एक रोंगटे खड़े कर देने वाला क्षण था। वह स्मृति मेरे पूरे जीवन तक रहेगी।

उन्होंने कहा कि जब मैंने स्वर्ण हासिल किया, तो मैं बता नहीं सकता कि मेरे दिमाग में क्या चल रहा था क्योंकि उस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं आ रही थी। इस खिलाड़ी ने कहा कि आप उस दिन (सफलता के) लिए आप प्रशिक्षण लेते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं। मैंने हाथ में तिरंगा लेकर स्टेडियम का एक चक्कर लगाया। वह मेरे लिए गर्व का क्षण था। ओलंपिक चैम्पियन बनने के बाद नीरज डायमंड लीग चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भी बने।

## मेस्सी का एक और गोल, इंटर मियामी ने एफसी डलास को हराया

**फ्रिस्को।** लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी के लिये लगातार तीसरे मैच में गोल किया जिसके दम पर उनकी टीम ने लीग्स कप फुटबॉल में एफसी डलास को पेनल्टी शूटआउट में 5.4 से हरा दिया। मेस्सी ने 85वें मिनट में फ्रीकिक पर गोल दागा। इस जीत से इंटर मियामी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका सामना चार्लोट एफसी और ह्यूस्टन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सात बार के बलोन डिओर विजेता और अर्जेंटीना की विश्व कप जीत के नायक मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए चारों मैचों में गोल किए और इस टूर्नामेंट में उनके नाम सात गोल हो गए हैं।

# अंपायर से बहसे निकोलस पूरन, लगा जुर्माना

**प्रोविडेंस (गुयाना)।** भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज की जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन पर यहां मैच के दौरान अंपायरों की सार्वजनिक आलोचना करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

पूरन का अपराध लेवल एक का था। उन्हें खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.7 का दोषी पाया गया जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी घटना की सार्वजनिक आलोचना से जुड़ा है।पूरन ने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रैफरी रिची रिचर्डसन की फटकार की प्रस्तावित सजा को भी



स्वीकार कर लिया जिसके कारण औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। इसके अलावा पूरन के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया जिनका पिछले 24 महीने के समय में यह पहला अपराध है।

पारी के चौथे ओवर में पगबाधा के फैसले के रिव्यू के बाद यह घटना हुई। पूरन ने अंपायरों की आलोचना की क्योंकि उन्होंने फैसले के लिए खिलाड़ियों के रिव्यू का इस्तेमाल किया जबकि उन्हें लगता था कि बल्लेबाज साफ नॉट आउट है। मैदानी अंपायरों लेस्ली रीफर और नाइजेल डुगुइड, तीसरे अंपायर ग्रेगरी ब्रेथवेट और चौथे अंपायर पैट्रिक गस्टार्ड ने आरोप लगाए।

लेवल एक के अपराध की न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना तथा एक या दो डिमेरिट अंक है।

भारत के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन की 40 गेंद में 67 रन की पारी की बदौलत सात गेंद शेष रहते जीत दर्ज की और पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाई।

# आप भारत-पाक के बीच होगा मुकाबला, मैच से पूर्व भारतीय कप्तान ने दिया बड़ा बयान

**चेन्नई।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह



अपनी टीम के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के स्ट्राइक रेट से खुश हैं लेकिन वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आसानी से पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना चाहते हैं।

हरमनप्रीत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत के बाद पीटीआई से कहा, 'यह निश्चित तौर पर बेहद कड़ा मुकाबला होगा। हमें स्मार्ट हॉकी खेलनी होगी तथा अपनी वास्तविक रणनीति और जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें अपनी मूल संरचना पर कायम रहना होगा और मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा।% उन्होंने कहा, 'इस मैच के लिए स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा। रविवार को खेले गए मैच में भी स्टेडियम लगभग भरा हुआ था जो भारतीय हॉकी के लिए अच्छा संकेत है।'

हरमनप्रीत इस बात से खुश हैं कि टीम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने और मैदानी गोल करने का रास्ता ढूंढ लिया है लेकिन रक्षा पंक्ति में और अधिक मजबूती की दरकार है विशेषकर टीम को महत्वपूर्ण मौकों पर पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। उन्होंने कहा, 'हम मैदानी और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर रहे हैं और पर्याप्त समय तक गेंद पर नियंत्रण भी बना रहे हैं लेकिन हमें अपने रक्षण में अब भी काम करने की जरूरत है तथा हमें आसानी से पेनल्टी कॉर्नर नहीं देने होंगे। हमें सर्किल के अंदर गेंद पर बेहतर तरीके से नियंत्रण बनाना होगा। जहां तक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की बात है तो दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिनमें से दो पर उसने गोल किए। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में निरंतरता के अभाव पर हरमनप्रीत ने कहा कि विरोधी टीमों का रक्षण मजबूत है जो कि खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा, 'यह केवल हमारे साथ ही नहीं प्रत्येक टीम के साथ ऐसा हो रहा है। इसका मुख्य कारण यही है कि उनका रक्षण बेहतर हो गया है। अगर आप हमारी रक्षा पंक्ति पर गौर करें तो अमित रोहिदास और जरमनप्रीत सिंह बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। विरोधी टीमों के साथ भी ऐसा है जो खेल के लिए अच्छा है।

# वसीम जाफर की दो टूक- तीसरा टी20 जीतना है तो इस खिलाड़ी को दो ब्रेक

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया गुयाना के मैदान पर विंडीज के खिलाफ 5 टी-20 आई मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले के लिए आमने-सामने होगी। टीम इंडिया अपने पहले दो मुकाबले गंवा चुकी है। अगर तीसरा टी 20 मुकाबला उनके हाथ से निकला तो वह सीरीज गंवा सकते हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने सलाह दी है कि सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को तीसरे टी20 मैच से ब्रेक दिया जाना चाहिए। जाफर ने कहा कि भारत




को तीसरे टी20 मैच में किशन को आराम देना चाहिए। वह अगला मैच खेलेंगे तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। किशन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 में 23 गेंदों पर 27 रन बनाए थे। जाफर ने कहा कि हम जानते हैं कि इशान किशन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में संघर्ष किया है, इसलिए उन्हें ब्रेक दें। उनकी जगह पर यशस्वी जयसवाल से शुरुआत करानी चाहिए क्योंकि टेस्ट सीरीज में अपने प्रदर्शन के बाद वह आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। जयसवाल ने दो मैचों में 88.67 की औसत से 266 रन बनाए हैं।

जाफर ने कहा कि मैं बिना किसी संदेह के यशस्वी जयसवाल को चुनूंगा क्योंकि वह निडरता लाते हैं। वह स्पिन को अच्छा खेलते हैं और तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी अनुकरणीय है। वह अपने खेल के चरम पर है, आत्मविश्वास से भरपूर है, तो उसे मिश्रण में क्यों न डालें और देखें कि आपको क्या मिलता है? उन्होंने टेस्ट में रन बनाए हैं और वह मौके की तलाश में हैं।

## मोहम्मद कैफ ने विश्व कप के लिए बनाई टीम इंडिया की परफेक्ट प्लेइंग-11, यह दिग्गज गेंदबाज किया बाहर

**नई दिल्ली** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का कहना है कि विंडीज में दो टी 20 मुकाबले हारने से टीम इंडिया का आंकलन नहीं किया जा सकता। टीम इंडिया ने एशिया कप और क्रिकेट विश्व कप खेलना है ऐसे में उसकी तैयारियों पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। हालांकि कैफ को लगता है कि भारत के खराब प्रदर्शन की आशंकाएं निराधार हैं।

कैफ बोले- जसप्रीत बुमराह के वापस आने से बहुत फर्क पड़ेगा। भारत सिर्फ दो ही मैच हारा है। हमारी टीम बेहद प्रतिस्पर्धी है। हमारे पास बुमराह नहीं थे। अगर वह होते तो टीम इंडिया इस साल महत्वपूर्ण सीरीज न गंवाता।

कैफ बोले- बहुत से लोग चर्चा कर रहे हैं कि (मुख्य कोच) राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में (भारत) टीम (पिछले साल टी20) एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया में (टी20) विश्व कप, इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (हाल ही में) हार गई। उन्होंने कहा कि मैं यह सब समझता हूं, गलतियां हुई हैं। लेकिन मुझे लगता है कि बुमराह के टीम में न होने पर खेलना आसान नहीं है। वह सबसे बड़े मैच विजेता हैं और रोहित शर्मा को उनकी सेवाएं नहीं मिलीं इसलिए इस सब के बारे में सोचें।

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि बुमराह भारतीय टीम के लिए 50 प्रतिशत मैच जीतते हैं। अगर टीम में बुमराह के साथ लोकेश राहुल तथा श्रेयस अय्यर होते हैं तो यह टीम विश्व कप ट्रॉफी जीत सकती है। दिग्गजों के लौटने से टीम इंडिया मजबूत होगी। आपके पास शुभमन गिल और कप्तान रोहित शर्मा (सलामी



बल्लेबाज के रूप में), नंबर 3 पर आपके पास विराट कोहली हैं, नंबर 4 पर आपके पास (श्रेयस) अय्यर हैं, नंबर 5 पर आपके पास केएल राहुल हैं। हार्दिक पंड्या छठे नंबर पर, (रविंद्र) जडेजा नंबर 7 पर, अक्षर पटेल या शार्दुल ठाकुर पिच की स्थिति के आधार पर नंबर 8 पर खेलेंगे। नंबर 9 पर आपके पास कुलदीप यादव होंगे... उनका वनडे रिकॉर्ड अच्छा है और नंबर 10 और 11 पर आपके पास दो तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बुमराह होंगे। कैफ बोले- मोहम्मद सिराज को एकादश में जगह नहीं मिलेगी। इसलिए जब सिराज को समायोजित करना मुश्किल होगा, तो हम जिन नए खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहे हैं, उन्हें इस विश्व कप में मौका नहीं मिल सकता है। कैफ ने कहा कि उनका तर्क इस तथ्य पर आधारित था कि सीनियर्स को टीम में शामिल होने का पहला मौका मिलेगा और संजू सैमसन, इशान किशन और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों को कुछ नए चेहरों से पहले मौका मिलेगा।


हरियाणा सरकार
G20
भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
"हम देश के अन्नदाता को उन्नत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जब किसानों की उन्नति होगी, तो पूरे राष्ट्र की उन्नति तय है।"
- नरेन्द्र मोदी
मेरी फसल, मेरा ब्योरा
खुशहाल होता किसान हमारा
न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसलें बेचने हेतु एवं कृषि सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के लिए कल तक पंजीकरण अवश्य करवाएं
• किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) या मोबाइल एप से कर सकते हैं पंजीकरण
• गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं मोबाइल एप
• किसानों की उपज की अदायगी सीधे उनके बैंक खातों में
• गन्ना बोंडिग के लिए भी 'मेरी फसल, मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक
• पंजीकरण उपरांत ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबा का ब्योरा अवश्य दर्ज करवाएं
'मेरी फसल, मेरा ब्योरा' पर पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि
वीरवार, 10 अगस्त, 2023
ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
मेरी फसल, मेरा ब्योरा के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana